**भारत सरकार**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**

**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**

**लोक सभा**

**<u>अतारांकित प्रश्न सं. 697</u>**

**<u>बुधवार, 26 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>**

**औद्योगिक पार्क की स्थापना**

**697. श्री एस. मुनिस्वामीः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की कर्नाटक के कोलार में औद्योगिक पार्क स्थापित करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में कोई प्रतिवेदन/अनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?

**उत्तर**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्री**

**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क):** जी नहीं।

**(ख):** लागू नहीं।

**(ग):** जी हां। कोलार गोल्ड फील्ड्स, कोलार में औद्योगिक पार्क की स्थापना के संबंध में दिनांक 01.06.2019 का एक अभ्यावेदन/अनुरोध प्राप्त हुआ है।

**(घ):** उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की संशोधित औद्योगिक अवसंरचना उन्नयन योजना (एमआईआईयूएस) को समाप्त कर दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत कोई नई परियोजना शुरू नहीं की जा सकती है।

******